# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website http //hte rajasthan gov in/dept/dce/
e-mail: nssceraj@gmail.com Ph.: 8209357575


क्रमांकः एफ.8(8)विविध/एनएसएस/आकाशि/2022/387-88 दिनांकः 3 अगस्त, 2023

प्राचार्य,
समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालय,
जयपुर जिला, जयपुर।

विषय :– राजीव गाँधी ग्रामीण/शहरी ओलम्पिक, 2023 के राज्य स्तरीय उद्घाटन समारोह में खिलाडी/विद्यार्थी/स्वयं सेवकों की सहभागिता बाबत।

सन्दर्भ :– विभाग का समसंख्यक पत्र कमांक एफ.8(12)राजीव गाँधी ओलम्पिक/एनएसएस/आकाशि/2022/226 दिनांक 07 जुलाई, 2023.

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जयपुर के पत्र कमांक एडीएम–दक्षिण/23/1075 दिनांक 17.07.2023 की छाया प्रति संलग्न कर लेख है कि सन्दर्भित पत्र के द्वारा राजस्थान राज्य कीडा परिषद् सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर द्वारा राजीव गाँधी ग्रामीण/शहरी ओलम्पिक खेल 2023 के उद्घाटन समारोह का आयोजन दिनांक 10 जुलाई, 2023 के स्थान पर उक्त कार्यक्रम 05 अगस्त, 2023 निर्धारित किया गया है जिसमें माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।

अतः प्राचार्य, समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि प्रत्येक महाविद्यालयों से 50 खिलाडी/विद्यार्थी/स्वयं सेवक/सेविकाओं की स्वयं के संसाधनों से उक्त कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करें।

एन.सी.सी., एन.एस.एस. एवं रोवर रेंजर्स के स्वयं सेवक इस कार्यक्रम में ड्रेस कोड सहित उपस्थित होना अनिवार्य है।

उक्त कार्यक्रम हेतु किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी हेतु जयपुर जिले की जिला समन्वयक डॉ. स्निग्धा शर्मा, राजकीय महाविद्यालय, जयपुर के मोबाईल नम्बर 9414070702 पर सम्पर्क करें।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(डॉ. सुरेन्द्र सिंह)
राज्य सम्पर्क अधिकारी/
राज्य समन्वयक,
युवा कौशल एवं विकास प्रकोष्ठ

प्रतिलिपि –
डॉ. स्निग्धा शर्मा, जिला समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, राजकीय महाविद्यालय, जयपुर को सन्दर्भित पत्रों की छाया प्रति संलग्न कर लेख है कि उक्त कार्यक्रम में दिये गये निर्देशानुसार 1000 खिलाडी/विद्यार्थी/स्वयं सेवक/सेविकाओ के साथ अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

(डॉ. सुरेन्द्र सिंह)
राज्य सम्पर्क अधिकारी/
राज्य समन्वयक,
युवा कौशल एवं विकास प्रकोष्ठ

Signature valid
Digitally signed by Dr. Surendra Singh
Designation : Associate Professor
Date: 2023.08.03 12:21:35 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4442373

राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: Innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

क्रमांक : एफ.8(12)राजीव गॉधी ओलम्पिक/एनएसएस/आकाशि/2022.226; दिनांक : 07July 2023

प्राचार्य,
समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालय,
जयपुर जिला।

विषय : राजीव गांधी ग्रामीण/शहरी ओलम्पिक 2023 के राज्य स्तरीय उदघाटन समारोह में विद्यार्थियों की सहभागिता हेतु।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद् सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर द्वारा राजीव गांधी ग्रामीण/शहरी ओलम्पिक खेल 2023 के उद्घाटन समारोह का आयोजन दिनांक 10 जुलाई 2023 को किया जा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होगें।

निर्देशानुसार आयोजित करवाये जा रहे इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम की सफलता हेतु निर्देशित किया जाता है कि

1. सभी महाविद्यालयों के शारीरिक प्रशिक्षक या खेल अधिकारी अधिकतम 10 युवा खिलाड़ी विद्यार्थियों सहित तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी अधिकारी अधिकतम विद्यार्थियों सहित आयोजन स्थल, सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर पर 10 जुलाई 2023 को प्रातः 8.00 बजे पहुंचना सुनिश्चित करें।
2. इस संबंध में किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी हेतु निम्न अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं–

   डा. स्निग्धा शर्मा, आचार्य (जिला समन्वयक अधिकारी, जयपुर) 9414070702

3. एन.सी.सी., एन.एस.एस. एवं रोवर रेंजर्स के स्वयं सेवकों की इस कार्यक्रम में ड्रेस कोड सहित उपस्थित होना अनिवार्य है।

कृपया इस कार्यक्रम को प्राथमिकता देवें।

संयुक्त निदेशक
(अकादमिक)

प्रतिलिपि –

1. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक, निजी संस्थाएं आकाशि निजी महाविद्यालयों से संपर्क कर विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करावें।
4. राज्य समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) महाविद्यालयों की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों से संपर्क कर विद्यार्थियों की अधिकाधिक उपस्थिति सुनिश्चत करावें।
5. राज्य संपर्क अधिकारी(NSS) समन्वय एवं संपर्क हेतु।
6. वेब साईट प्रभारी, आयुक्तालय को प्रेषित कर लेख है कि जयपुर जिले की राजकीय/निजी महाविद्यालयों को मेल/अपलोड करने हेतु।

Signature valid
Digitally signed by Shaila Mahan
Designation: Professor
Date: 2023.07.07 1?:36:27 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4232280

# कार्यालय जिला कलक्टर, एवं जिला मजिस्ट्रेट जयपुर

www.jaipur.rajsthan.gov.in

क्रमांकःएडीएम–दक्षिण/23/ 1075 दिनांक 17/07/2023

आदेश

दिनांक 05.08.2023 को सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार द्वारा शहरी/ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का शुभारम्भ किया जायेगा। अतः उक्त कार्यक्रम एवं खेलों के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं के सम्पादन हेतु निम्नानुसार अधिकारियों/विभागों को निर्देशित किया जाता है:–

| विभाग | की जाने वाली कार्यवाही |
| --- | --- |
| पुलिस आयुक्त, जयपुर | ➢ माननीय मुख्यमंत्री महोदय के प्रस्तावित कार्यक्रमानुसार कार्यक्रम स्थल पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन करना।<br>➢ प्रोटोकॉल के अनुसार एस्कार्ट एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थायें सुनिश्चित करना।<br>➢ सेफ हाउस संबंधी व्यवस्थायें सुनिश्चित करना। |
| पुलिस उपायुक्त यातायात, जयपुर | ➢ माननीय मुख्यमंत्री महोदय के प्रस्तावित कार्यक्रमानुसार पार्किंग एवं ट्रैफिक नियंत्रण इत्यादि व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करना। |
| आयुक्त नगर निगम ग्रेटर, जयपुर | ➢ स्टेडियम परिसर स्थित खेल मैदान पर साफ–सफाई एवं फायर ब्रिगेड मय फायर फाइटिंग सिस्टम की व्यवस्था करना।<br>➢ मुख्य समारोह, निर्धारित खेल मैदान एवं पार्किंग में समुचित संख्या में मोबाईल शौचालय की व्यवस्था करना।<br>➢ समारोह स्थल पर रंगोली की व्यवस्था।<br>➢ गमलों की व्यवस्था करना।<br>➢ 5.000 रंग बिरंगे गुब्बारों की व्यवस्था।<br>➢ स्वचालित (मोबाईल) वीवीआईपी टॉयलेट की व्यवस्था।<br>➢ वर्षा के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए मड पम्पों की व्यवस्था करना।<br>➢ प्रतिभागियों के मार्चपास्ट की समुचित व्यवस्था करना। |
| मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद जयपुर | ➢ जयपुर के निकटवर्ती पंचायत समितियों से 5000 छात्र–छात्राओं/खिलाड़ियों को समारोह स्थल तक लाने व ले जाने की व्यवस्था करना।<br>➢ उक्त कार्यक्रम के लिए छात्र–छात्राओं/खिलाड़ियों को लाने व ले जाने हेतु विकास अधिकारियों को निर्देशित करना। |
| 1. अधीक्षण अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जयपुर शहर<br>2. अधिशाषी अभियंता, इलेक्ट्रिकल विंग सार्वजनिक निर्माण विभाग, जयपुर | ➢ कार्यक्रम स्थल पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं अतिथिगण के स्वागत की समुचित व्यवस्था व इससे संबंधित सामग्री उपलब्ध करवाना।<br>➢ कार्यक्रम स्थल पर मंच का निर्माण एवं साज–सज्जा, माइक सेट की व्यवस्था, टेबल–कुर्सी एवं मैटिंग की व्यवस्था किया जाना।<br>➢ कार्यक्रम स्थल पर बैकड्रॉप, एलईडी, वीडियो वॉल, साउण्ड व्यवस्था एवं वी. सी. कनैक्टिविटी सुनिश्चित करना।<br>➢ कार्यक्रम के लिए इवेंट मैनेजमेंट एजेंसी को अनुबंधित करने की कार्यवाही किया जाना। इस हेतु आवश्यक निविदा कार्यादेश इत्यादि जारी करना।<br>➢ RTPP ACT के नियमानुसार निविदा कर वाटर–प्रूफ टेन्टेज, फ्लावर |

Signature valid
Digitally signed by Prakash Rajpurohit
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2023.07.17 16:18:22 IST
Reason: Approved

| | |
|---|---|
| | डेकोरेशन एवं विधुत सम्बंधी व्यवस्थायें करना।<br>➢ सडकों की मरम्मत, साफ–सफाई एवं पेड़–पौधों की ट्रिमिंग करवाया जाना।<br>➢ डी. जी. सैट की व्यवस्था करना।<br>➢ मुख्य कार्यक्रम स्थल पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय के लिए रोफ हाउस कक्ष एवं वी.आई.पी. टॉयलेट इत्यादि की समुचित व्यवस्था करना।<br>➢ कार्यक्रम स्थल पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था करना।<br>➢ समारोह में 100 गमले लगवाया जाना।<br>➢ माननीय मुख्यमंत्री महोदय के प्रस्तावित कार्यक्रमानुसार कार्यक्रम स्थल पर निर्मित मंच की सुरक्षा संबंधी जॉच कर प्रमाण पत्र जारी किया जाना। |
| मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जयपुर | ➢ मुख्य समारोह हेतु 22,000 की संख्या में छात्र–छात्राओं/खिलाडियां को समारोह पर उपस्थित होने एवं लाने व ले जाने की व्यवस्था करना।<br>➢ स्टेडियम में छात्र–छात्राओं/खिलाडियों को समय पर उपस्थित करते हुए व्यवस्थित करना एवं इस हेतु शिक्षकों/पीटीआई एवं कार्मिकों की डयूटी लगाना।<br>➢ सहभागियों के अल्पाहार की व्यवस्था हेतु सम्बन्धित अधिकारी से समन्वय स्थापित कर मांग प्रस्तुत करना। साथ ही, नोडल अधिकारी नियुक्त कर मय मोबाइल सूची उपलब्ध करावें। |
| 1. जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, जयपुर<br>2. ग्रुप कमाण्डेट, एनसीसी, जयपुर<br>3. सहायक आचार्य, प्रभारी स्काउट एण्ड गाईड, जयपुर | ➢ एनसीसी एवं भारत स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों/छात्र–छात्राओं की ड्रेस कोड सहित उपस्थिति सुनिश्चित करना। |
| राज्य समन्वयक/जिला समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, जयपुर | ➢ स्वयं के साधनों से 1000 छात्र–छात्राओं/खिलाडियों को समारोह स्थल पर लाने–ले जाने की व्यवस्था करवाना। |
| मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम/द्वितीय | ➢ माननीय मुख्यमंत्री महोदय के प्रस्तावित कार्यक्रमानुसार कार्यक्रम स्थल एवं कारकेड के साथ–साथ एक–एक चिकित्सा वाहन मय आवश्यक उपकरण, दवाइयों, चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ तथा ब्लड ग्रुप सहित (AB+) अवस्थित करावें। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम स्थल पर फूड टेस्टिंग टीम मय स्टाफ के अवस्थित करवाया जाना सुनिश्चित करावें।<br>➢ एक ALS एम्बूलेंस मय चिकित्सकों की टीम को पृथक से प्रतिभागियों हेतु उपलब्ध करवाना।<br>➢ फूड पैकेटस की गुणवत्ता एवं स्वास्थ्य मानकों की जांच हेतु फूड टेस्टिंग टीम की ड्यूटी लगाना। |
| अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला | ➢ मंच स्थल की समस्त व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी अधिकारी रहेंगे। |

Signature valid

Digitally signed by Prakash Rajpurohit
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2023.07.17 16:18:22 IST
Reason: Approved

# कार्यालय जिला कलक्टर, एवं जिला मजिस्ट्रेट जयपुर

www.jaipur.rajsthan.gov.in

| | |
|---|---|
| मजिस्ट्रेट जयपुर–तृतीय | |
| उपखण्ड मजिस्ट्रेट, जयपुर शहर–उत्तर | ➢ मंच स्थल की समस्त व्यवस्थाओं के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जयपुर तृतीय की सहायतार्थ सह–प्रभारी रहेंगे। |
| अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जयपुर–चतुर्थ | ➢ अतिथियों एवं छात्र–छात्राओं/खिलाड़ियों को लाने–ले जाने, समारोह स्थल पर उनको बैठाये जाने एवं इससे जुड़ी समस्त व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी अधिकारी रहेंगे। |
| उपखण्ड अधिकारी, जयपुर | ➢ अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जयपुर चतुर्थ की सहायतार्थ उपरोक्त व्यवस्थाओं हेतु सह–प्रभारी रहेंगे। |
| वरिष्ठ लेखाधिकारी, कलक्ट्रेट, जयपुर | ➢ आयोजन के लिए आवश्यक बजट डिमाण्ड तैयार करना।<br>➢ वाहनों के भुगतान हेतु आवश्यक कार्यवाही करना। |
| सचिव, राज्य कीडा परिषद, जयपुर | ➢ VVIP अतिथियों हेतु स्टेडियम के अन्दर बने शौचालयों सहित परिसर के सभी शौचालयों की साफ–सफाई एवं आवश्यकतानुसार रंग रोगन, मरम्मत आदि की व्यवस्था।<br>➢ स्टेडियम के मुख्य मैदान में लगी हुई जालिया एवं रेलिंग को हटाये जाने की समुचित व्यवस्था।<br>➢ सुरक्षा की दृष्टि से नगर निगम के सहयोग से पेड़ों की छटाई समारोह से पूर्व आवश्यक रूप से राजस्थान राज्य कीडा परिषद जयपुर द्वारा कराई जानी है। |
| अधीक्षण अभियंता, जलदाय विभाग जयपुर–शहर उत्तर/दक्षिण | ➢ कार्यक्रम स्थल पर "राउण्ड द क्लॉक" पानी के टेंकर उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करावें। |
| जिला रसद अधिकारी, जयपुर शहर | ➢ अतिथियों एवं छात्र–छात्राओं/खिलाड़ियों के लिए फूड पैकेट्स व सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था एवं वितरण सुनिश्चित करेंगे। |
| कार्यकारी निदेशक, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जयपुर | ➢ छात्र–छात्राओं/खिलाड़ियों को लाने व ले जाने हेतु 150 बसों की व्यवस्था करना। |
| क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, जयपुर –प्रथम/द्वितीय | ➢ छात्र–छात्राओं/खिलाड़ियों को लाने व ले जाने हेतु 400 बसों की व्यवस्था करना। |
| कार्यकारी निदेशक, राजस्थान पर्यटन विकास निगम, जयपुर | ➢ माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं 20 अति विशिष्ट अतिथियों के लिए हाई–टी एवं जलपान संबंधी व्यवस्थायें करना। |
| तहसीलदार, जयपुर | ➢ एसएमएस स्टेडियम के दोनों इन्वेस्टमेंट ग्राउण्ड, अमरूदों का बाग एवं उद्यो‍ग मैदान की पार्किंग हेतु अनुमति प्राप्त करना<br>➢ पार्किंग व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। |
| उप निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क, कलक्ट्रेट, जयपुर | ➢ कार्यक्रम स्थल की Standard Design व Branding फाइनल करना और Design व Branding सुनिश्चित करवाना।<br>➢ कार्यक्रम स्थल पर डिजाइनिंग/ब्रांडिंग एवं IEC गतिविधियां करवाना। |

Signature valid

Digitally signed by Prakash Rajpurohit
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2023.07.17 16:18:22 IST
Reason: Approved

# कार्यालय जिला कलक्टर, एवं जिला मजिस्ट्रेट जयपुर

www.jaipur.rajsthan.gov.in

| | |
|---|---|
| | ➢ विभिन्न माध्यमों से IEC गतिविधियां करना।<br>➢ Social Media Activities करवाना।<br>➢ कार्यक्रम से संबंधित प्रचार सामग्री हेतु विभिन्न निविदा, कार्यादेश आदि जारी करना।<br>➢ कार्यक्रम स्थल पर संबंधित पोस्टर, बेनर, होर्डिंग्स व स्टेण्डाई इत्यादि लगवाना। |
| अतिरिक्त निदेशक/उप निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी, कलक्ट्रेट, जयपुर | ➢ कार्यक्रम में लाइव स्ट्रीमिंग एवं वी.सी. कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना तथा साथ ही ब्रॉडबैण्ड एवं इन्टरनेट कनेक्टिविटी की समुचित व्यवस्था करना। |
| उपायुक्त, मालवीय नगर जोन, मालवीय नगर | ➢ प्रतियोगिता के आयोजन के दौरान इंसीडेण्ट कमाण्डर के रूप में कार्य करेंगे तथा नगर निगम ग्रेटर को सौंपी गई व्यवस्थाओं का प्रबंधन करना सुनिश्चित करेंगे। |
| नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा कलक्ट्रेट जयपुर | ➢ प्रतियोगिता के आयोजन के दौरान नागरिक सुरक्षा की टीम उपलब्ध करवाना एवं सभी संबंधित विभागों से समन्वय रखते हुए आवश्यक सेवाओं इत्यादि का पर्यवेक्षण कर उन्हें समय पर सुनिश्चित करवाया जाना। |
| अधीक्षण अभियंता, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड नगर वृत जयपुर | ➢ प्रस्तावित कार्यक्रमानुसार विद्युत के तारों/उपकरणों को चैक करना एवं अबाधित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करावें। |
| विद्युत निरीक्षक जयपुर | ➢ माननीय मुख्यमंत्री महोदय के प्रस्तावित कार्यक्रमानुसार विद्युत व्यवस्थाओं के संबंध में जॉच कर सुरक्षा संबंधित प्रमाण पत्र जारी करना। |

(प्रकाश राजपुरोहित)
जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट,
जयपुर

Signature valid

Digitally signed by Prakash Rajpurohit
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2023.07.17 16:18:22 IST
Reason: Approved

# कार्यालय जिला कलक्टर, एवं जिला मजिस्ट्रेट जयपुर

www.jaipur.rajsthan.gov.in

क्रमांकःसमः 1076

दिनांकः 17/07/2023

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, राज0 सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर
2. श्रीमान संभागीय आयुक्त, जयपुर
3. पुलिस आयुक्त, जयपुर
4. पुलिस उपायुक्त, यातायात, जयपुर
5. आयुक्त नगर निगम, जयपुर ग्रेटर
6. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद जयपुर
7. अधीक्षण अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जयपुर शहर
8. अधिशाषी अभियंता, इलेक्ट्रिकल विंग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जयपुर
9. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जयपुर
10. संयुक्त निदेशक, (अकादमिक) कॉलेज शिक्षा, जयपुर
11. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयुपर प्रथम/द्वितीय
12. अति. जिला कलक्टर एवं अति. जिला मजिस्ट्रेट जयपुर–तृतीय
13. अति. जिला कलक्टर एवं अति. जिला मजिस्ट्रेट जयपुर–चतुर्थ
14. उपखण्ड मजिस्ट्रेट, जयपुर शहर–उत्तर
15. उपखण्ड अधिकारी, जयपुर
16. वरिष्ठ लेखाधिकारी, कलक्ट्रेट, जयपुर
17. सचिव, राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर
18. अधीक्षण अभियंता, जन स्वास्थ्य अभि0 विभाग जयपुर शहर उत्तर/दक्षिण
19. जिला रसद अधिकारी, जयपुर शहर
20. कार्यकारी निदेशक, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम जयपुर
21. क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, जयपुर–प्रथम/द्वितीय
22. वरिष्ठ लेखाधिकारी, कलक्ट्रेट, जयपुर
23. कार्यकारी निदेशक, राजस्थान पर्यटन विकास निगम, जयपुर
24. तहसीलदार, जयपुर
25. उप निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क, कलक्ट्रेट, जयपुर
26. अति0 निदेशक/उप निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी, कलक्ट्रेट, जयपुर
27. उपायुक्त, मालवीय नगर जोन, मालवीय नगर जयपुर
28. अधीक्षण अभियंता, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड नगर वृत जयपुर
29. विद्युत निरीक्षक, जयपुर
30. राज्य समन्वयक/जिला समन्वयक, एनएसएस, जयपुर
31. उप नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा, जयपुर
32. ग्रुप कमाण्डेट, एनसीसी, जयपुर
33. सहायक आचार्य, प्रभारी स्काउट एण्ड गाईड, जयपुर
34. प्रभारी कलक्ट्रेट कंट्रोल रूम जयपुर – सभी संबंधित को दूरभाष पर सूचित करें।
35. निजी सहायक जिला कलक्टर जयपुर

जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट,
जयपुर

Signature valid

Digitally signed by Prakash Rajpurohit
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2023.07.17 16:18:22 IST
Reason: Approved